विडंबना — स्थानीय निवासियों ने अस्थाई मरम्मत कार्य का किया विरोध

# मिट्टी से भरे जा रहे सड़क के गड्ढे

**नवभारत, कटनी।** जुहला बायपास सड़क पर इन दिनों गहरे गड्ढों को मिट्टी से भरने का काम किया जा रहा है। संबंधित विभाग ने इसे अस्थायी मरम्मत का हिस्सा बताया है, लेकिन स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक औपचारिकता है, जो सड़क की वास्तविक समस्या का समाधान नहीं करती। स्थानीय लोगों का मानना है कि बारिश के मौसम में मिट्टी से भरे गड्ढे कुछ ही दिनों में बह जाएंगे। जब वाहन इनके ऊपर से गुजरेंगे तो धूल उड़ेगी और बारिश के बाद यही गड्ढे कीचड़ में बदल जाएंगे। इससे न सिर्फ राहगीरों को असुविधा होगी, बल्कि सड़क पर फिसलन और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी।



पूर्व में भी जुहला बायपास पर गड्ढों के कारण कई हादसे हो चुके हैं। विशेष रूप से दोपहिया वाहन सवार इन गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आती हैं।

ट्रक और बस चालकों को यहां से गुजरते समय अत्यधिक सतर्कता बरतनी पड़ती है। सड़क निर्माण से जुड़े जानकारों ने भी इस अस्थायी उपाय पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि गड्ढों को सिर्फ मिट्टी से भरना स्थायी समाधान नहीं है। बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही से मिट्टी जल्दी ही धंस जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार, इन गड्ढों को डामर या कंक्रीट से भरना ही उचित और टिकाऊ विकल्प है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जुहला बायपास की मरम्मत शीघ्रता से डामर या कंक्रीट द्वारा की जाए। इसके साथ ही वे यह भी चाहते हैं कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक सुरक्षित और उपयोगी बनी रह सके।

## अब तक 632 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 जुलाई तक 632.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 830.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष 383.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 65.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 663.8, रीठी में 830.8, बड़वारा तहसील में 545, बरही तहसील में 471, विजयराघवगढ़ तहसील में 619.1, बहोरीबंद तहसील में 579.2, स्लीमनाबाद तहसील में 783.2 और ढीमरखेड़ा तहसील में 566.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ब्रिज निर्माण में कार्य रहा कर्मचारी करंट से झुलसा

केलवारा फाटक के पास हुआ हादसा, इलाज जारी

**नवभारत कटनी।** कैलवारा रेलवे फाटक के पास एलएनटी कंपनी के ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान एक कर्मचारी को करंट लग गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया है। गंभीर रूप से झुलसे कर्मचाारी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जाता है कि कर्मचारी बगैर किसी सुरक्षा संसाधन के कार्य कर रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े 11 बजे कार्य कर रहे कर्मचारी को बिजली के करंट का तेज झटका लगा, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एलएनटी कंपनी द्वारा रेल लाइन और ब्रिज निर्माण का



कार्य चल रहा था। इस दौरान कर्मचारी सेम्युअल लोहे का पटरा निकाल रहा था।

उसी दौरान पास से गुजरी रेलवे की मेन लाइन से संपर्क में आ जाने से करंट पूरे ब्रिज में फैल गया। जिसके कारण कर्मचारी करंट से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घायल कर्मचारी को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लिफ्ट वाहन से कार्य किया जा रहा था, तभी बाजू से निकली हाई-वोल्टेज लाइन से वाहन का संपर्क हो गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

### एक नजर में

## तीन महीने तक थाने में हाजिरी देना आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने एयरटेल टॉवर के पास आधारकाप निवासी सूजल प्रजापति उर्फ राज पिता ओमप्रकाश प्रजापति (21) के खिलाफा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सूजल के विरूद्ध वर्ष 2023 से अब तक की अल्प अवधि में ही 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें आमजन से अवैध रूप से पैसों की मांग करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध रूप से चाकू रखना, अवैध शराब रखना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सूजल के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

# स्कूली छात्रों को लाने-ले-जाने के लिए ई-रिक्शा पर लगाया गया प्रतिबंध, आदेश जारी

**नवभारत कटनी।** जिले में बच्चों को ई-रिक्शा से स्कूल लाने और ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है। कलेक्टर द्वारा जारी इस प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता की धारा और अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा के दौरान यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ई-रिक्शा में बिना किसी सुरक्षा प्रबंध एवं क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करना बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने बच्चों को ई-रिक्शा में परिवहन करने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसके साथ ही आदेश में समय-समय पर समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रकाशित समाचारों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के परिवहन के लिए प्रयोग किए जा रहे ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं होती है। स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए यह असुरक्षित वाहन है। जिसके बाद ई रिक्शा का छात्रों को लाने-ले-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए बढ़ाई जाएगी जनचेतना, लगाएंगे पौधे

हरद्वारा गांव में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ

**नवभारत, रीठी।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिये हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर सखी के माध्यम से विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 3 देवगांव के ग्राम हरद्वारा से हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह हरियाली यात्रा जिले के सभी विकासखंड में सेक्टर स्तर पर 28 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का शुभारंभ केन नदी के तट पर स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में नवांकुर सखियों द्वारा पूजा अर्चना कर शानदार भजनों की प्रस्तुति के साथ की गई। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ कलश व हरित पौधे लेकर ग्राम की नवांकुर




सखियों ने भोलेनाथ के जयकारों व पेड़ लगाओ जीवन बचाओ के नारों के साथ पूरे ग्राम का भ्रमण कर हरियाली यात्रा निकाली। इस यात्रा का समापन भोलेनाथ मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल, रीठी विकासखंड के पूर्व जनपद अध्यक्ष रोशनी चंदन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके अलावा जनपद सदस्य रतिलाल चौधरी व जनअभियान परिषद रीठी के नवागत विकासखंड समन्वयक जगह सिंह मरकाम भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल ने बताया कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनचेतना बढ़ाने का कार्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाली यात्रा से घर के आंगन, अपने गांव से लेकर शहर तक नागरिकों को पर्यावरण की रक्षा की प्रेरणा मिलेगी। इस पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाए। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य नारी शक्ति के माध्यम से स्वैच्छिकता के आधार पर पर्यावरण संरक्षण करना है। इस अभियान में प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित और अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी।

मप्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रत्येक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार होंगे। अभियान के तहत प्रदेश में 1 लाख 56 हजार 500 नवांकुर सखियों द्वारा 17 लाख 21 हजार 500 पौधे तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की मातृशक्ति, नवांकुर सखियों के अलावा ग्राम के नवांकुर संस्था के सुरेंद्र पाठक, कौशल चौबे, चम्मू रजक, बबलू बर्मन, गणेश सिंह, लक्ष्मी बर्मन, रोशनी पटेल, प्रांशु यादव, रवि पटेल, परामर्शदाता भावना सिंह, ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन परामर्शदाता शरद यादव द्वारा किया गया।

# सूचना के अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारी

सचिव पर मनमानी किए जाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**नवभारत उमरियापान।** जिले के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के जनपद सदस्य नारायण कोल ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत हरदी में सूचना अधिकार के तहत वर्ष 2022 से 2025 तक में किए गए समस्त कार्यों के विवरण की जानकारी 14 जून 2025 को मांगी गई थी जिसमें सचिव गोपाल धुर्वे द्वारा जानकारी नहीं देते हुए मौखिक रूप से कहा गया कि मैं तुम्हें किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दे सकता, तुम्हें जहां शिकायत करनी है करो जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में जाकर करो या जिला पंचायत में, मुझे किसी भी प्रकार का किसी से कोई डर नहीं। सचिव पर आरोप है उनके द्वारा कहा जा रहा है कि उनकी लगभग दो से तीन महीने की नौकरी बची है, इसलिए वे किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं। जनपद सदस्य नारायण



कोल ने बताया की उन्होंने आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा को दी है।

अब देखना यह है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेड़ा इसमें कुछ करते भी है या नहीं। इसी प्रकार से सचिव का तानाशाही रवैया बना रहेगा, या फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## वन्यजीवों के तस्करी के 15 आरोपियों को तीन साल का कारावास

**कटनी।** वर्ष 2016 में वन्यजीवों के शिकार और तस्करी से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में ढीमरखेड़ा की न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। सैलारपुर निवासी इंदल सिंह गौड़ के पास से करीब 3 किलो पेंगोलीन (सालू) के स्केल बरामद किए गए थे। जांच में खुलासा हुआ कि स्केल्स दुर्लभ वन्यजीव पेंगोलीन का शिकार कर उबालकर अलग किए गए थे। डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया कि वन विभाग की जांच और इंदल सिंह की निशानदेही पर कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी अंतरराज्यीय गिरोह का हिस्सा थे, जिन्हें कटनी, टीकमगढ़, पन्ना और उत्तर प्रदेश के झांसी जिलों से पकड़ा गया था। इस मामले की सुनवाई ढीमरखेड़ा स्थित प्रथम श्रेणी न्यायालयमामले की सुनवाई ढीमरखेड़ा स्थित प्रथम श्रेणी न्यायालय में हुई, जहां विशेष लोक अभियोजक मंजुला श्रीवास्तव और एडीपीओ विनोद पटेल ने पैरवी की। न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने सभी 15 आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 3 लाख 80 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## अतिथि शिक्षक के लिए आवेदन

**नवभारत कटनी।** विशिष्ट आवासीय विद्यालय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटनी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विषयवार 6 अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जारी प्रावधान के आधार पर अंग्रेजी, संस्कृत, संगीत, आर्ट एण्ड क्राफ्ट विषयों के लिए वर्ग 2 के एक-एक अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री के साथ बीएड, डीएड या डीएलएड होना अनिवार्य है। इसके अलावा कम्प्यूटर प्रशिक्षक, पुस्तकालय सहायक के लिए वर्ग 3 के एक-एक अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। प्रशिक्षक के लिए उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त बोर्ड से द्वितीय श्रेणी में हायर सेकेंडरी और कम्प्यूटर डिप्लोमा, बीएड, डीएड या डीएलएड, पुस्तकालय सहायक के लिए उम्मीदवार को द्वितीय श्रेणी में बी लिब स्नातक होना अनिवार्य है।

# शिविलंग निर्माण और भजनों से भक्तिमय हुआ महौल



दद्दाधाम में फ्रेंडशिप बैंड पहनाकर मनाया गया उत्सव

**नवभारत, कटनी।** पवित्र सावन माह के अवसर पर एकता मंडल द्वारा दद्दा धाम में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक से की गई।

जिसके बाद भोलेनाथ के भजनों के मधुर स्वर ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धाम के बुजुर्गों ने भी आनंदपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में वृद्ध जनों को भोजन प्रसादी कराई गई और फल, बिस्कुट सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड पहनाकर हरियाली तीज का उत्सव मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी शिल्पी टंडन मनीषा कनकने, स्नेहलता सेठिया, अर्चना कनकने, रश्मि मसुरहा, रीता सेठिया, प्रीति सुहाने, कीर्ति बिलैया, काजल विचपुरिया, प्रियंका सेठिया, आभा नौगरहिया, मोहनी त्रिसोलिया, संगीता लहरिया, साधना सेठिया, नीतू कनकने, सरोज सुहाने, संगीता कनकने, कीर्ति सुहाने, रीना संजय चौदहा, रीना आनंद चौदहा, आरती त्रिसोलिया, सारिका कनकने और रोशनी टीपा सहित अनेक सदस्यों का योगदान रहा।



## सतीश बने जिला अध्यक्ष

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिमरिया निवासी सेवा निवृत्ति कृषि विस्तार अधिकारी सतीश ज्योत्षी को भारतीय किसान संघ में कृषि आयाम जिला अध्यक्ष का पद दायित्व सौंपा गया है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने बताया कि सतीश ज्योत्षी स्थानीय होने के साथ ही पूर्व में कृषि विभाग में अपनी सेवाएं देने के कारण क्षेत्रीय किसानों के संपर्क में है। उन्हें किसानों की समस्याओं की जानकारी रहती है, सतीश ज्योत्षी के जिला आयाम अध्यक्ष बनने से प्रकाश सिंह बागरी कैलाश चंद्र जैन, राजेश असाटी, रमन शुक्ला, राहुल दुबे, सतीश चौबे, अनिल बागरी, रतन यादव, मोहम्मद कादिर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## समर्थन मूल्य पर खरीदी जारी

**नवभारत कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर वर्ष 2025 - 26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द खरीदी के लिए जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। वर्तमान में जिले के सभी 7 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से अब तक 743 किसानों से 1873 मीट्रिक टन मूंग का उपार्जन किया गया है। वहीं अब तक 126 किसानों ने 163 मीट्रिक टन उड़द की बिक्री की है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूंग के लिए समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रूपए निर्धारित किया गया है। जबकि उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रूपए है।

# वैश्य महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

मधई मंदिर में आयोजन कर किया गया भजन-कीर्तन

**नवभारत कटनी।** हरियाली तीज के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्यावासी वैश्य महिला मंडल द्वारा शहर के मधई मंदिर में हरियाली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने हरी साड़ी, हरी चूड़ी और मेंहदी लगाकर भजन-कीर्तन में भाग लिया और भगवान भोले नाथ की महाआरती और खीर का महाभोग लगाकर महा प्रसाद वितरित किया। समाज की वरिष्ठ बुजुर्ग श्रीमती प्रभा दादी ने सभी



महिलाओं को आशीर्वाद दिया और समाज की एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर समाज की अनेक महिलाएं भजन कीर्तन और हरियाली तीज में शामिल हुईं। जिसमें श्रीमती रचना गुप्ता, रजनी गुप्ता, राखी गुप्ता, बीना गुप्ता, जयंती गुप्ता, लता गुप्ता, रमा गुप्ता, शीला गुप्ता, सविता गुप्ता, उषा बंटो गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सपना गुप्ता, रोशनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, शिवानी गुप्ता, स्वेता गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, बेबी गुप्ता सहित अन्य महिलाओं की उपस्थित रही है।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ 5838 / आर डी एम / 2025 — कटनी दिनांक-25/04/2025

इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेसर्स Nayara Energy द्वारा आवेदक श्री सत्यम अग्रवाल साकिन राहुल बाग गोकुलधाम तहसील व जिला कटनी का ग्राम जुहला तहसील व जिला कटनी के खसरा नं. 17/6/1 एवं 17/6/2 में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 45×45=2025 वर्ग मीटर में रिटेल आउटलेट पेट्रोल/डीजल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित है। अतः आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था / व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित मे आपति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
जिला-कटनी



17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव

आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस

www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

Dr.V.B.Khare

क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024


समस्या — शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची महापौर, नाला कवरिंग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

# नाले की सफाई के बाद कराएं कवरिंग का कार्य, ताकि क्षेत्र में नहीं हो जलभराव की समस्या

**नवभारत, कटनी।** शहर में नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने पर महापौर स्वंय मौके पर पहुंचकर समस्या की जानकारी लेती हैं और उसके निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

मदनमोहन चैबे वार्ड भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर के पीछे स्थित बस्ती के निवासियों द्वारा नालियों के खुले होने के कारण रोड में जलभराव की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर क्षेत्रीय उपयंत्री के साथ स्थल



निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अतिवर्षा के दौरान मार्ग में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने से आवागमन बाधित होने की जानकारी दी गई। जिस पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा से समस्या उत्पन्न होने के कारणों की जानकारी ली गई। जिस पर उपयंत्री ने बताया कि कि नालियों की सफाई कराकर उनकी कव्हरिंग करा दी जाएगी, तो काफी हद तक इस समस्या का निराकरण हो सकेगा। जिस पर महापौर श्रीमती द्वारा उपयंत्री को नाली कव्हरिंग का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिक सहित क्षेत्रीय मातृशक्ति श्रीमती ललिता परौहा, गेंदा बाई, लक्ष्मी बाई सेन की मौजूदगी रही।

गौरतलब है कि महापौर द्वारा विगत दिवस वंश स्वरूप वार्ड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने लाल पहाड़ी पर नाली निर्माण के दौरान प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेकर स्थल निरीक्षण करते हुए शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए थे।